कृषि विज्ञान केन्द्र
(गो0 ब0 पंत कृषि एवं प्रौ0 विश्वविद्यालय)
धनौरी–हरिद्वार

पत्रांकः केवीके / धनौरी / 93 दिनांकः 25/07/23

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि विज्ञान केन्द, धनौरी–हरिद्वार के प्रक्षेत्र पर रबी 2022–2023 में उत्पादित सरसों मात्रा 52 कुंतल को नीलामी के माध्यम से विक्रय किया जाना है। नीलामी दिनांकः 18 अगस्त, 2023 की अपराह्न 2:30 बजे केन्द्र के प्रक्षेत्र पर की जायेगी। नीलामी के सम्बंध में किसी भी प्रकार की जानकारी कार्य दिवस में कर्यालय समय प्रातः 10:00 बजे से सांय 5:00 तक प्रभारी अधिकारी, केवीके, धनौरी तथा निदेशक प्रसार शिक्षा, पंतनगर से प्राप्त की जा सकती है।

नीलामी की शर्तेः

1. नीलामी में प्रतिभागी को धरोहर धनराशि के रूप में ₹ 5,000.00 (₹ पांच हजार मात्र) जमा करना होगा। अधिकतम् बोलीदाता को समिति की स्वीकृति के उपरांत कुल मूल्य का 25 प्रतिशत अग्रिम धनराशि के रूप में तुरन्त जमा करना अनिवार्य होगा। सरसों उठान से पूर्व सम्पूर्ण धनराशि जमा करनी होगी। अधिकतम् दो बोलीदाता के अतिरिक्त अन्य बोलीदाताओं द्वारा जमा की गयी ₹ 5,000.00 (₹ पांच हजार मात्र) की धरोहर राशि उसी समय वापस करदी जाएगी।
2. उचित मूल्य न मिलने की दशा में समिति को नीलामी निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।
3. सफल बोलीदाता को किसी भी प्रकार का वारदाना व श्रमिक केन्द्र द्वारा उपलब्ध नहीं करवाये जायेंगे।
4. नीलामी समिति को बिना कारण बताये नीलाम किए जाने वाली सरसों की बिकी को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार होगा।
5. किसी भी विवाद के उत्पन्न होने पर पंतनगर विश्वविद्यालय के कुलपति जी एकमात्र मध्यस्थ होंगे जिनका निर्णय दोनों पक्षों (क्रेता एवं विक्रेता) को मान्य होगा।
6. इस नीलामी के सम्बंध में किसी भी विवाद की सुनावाई का क्षेत्राधिकारी जिला एवं सत्र न्यायालय ऊधम सिंह नगर होगा।
7. उपरोक्त शर्तों का पालन न करने की दशा में नीलामी रद्द समझी जायेगी।

25/07/2023

प्रभारी अधिकारी

प्रतिलिपिः–

1. **समस्त निकटवर्ती ग्रामों के ग्रामसभाओं के सूचनापट्ट पर चस्पा हेतु।**
2. **विश्वविद्यालय की बेबसाईट पर विज्ञापित हेतु।**